अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार

03 सितम्बर 2025

# बायोफ्लोक प्रणाली में झींगा पालन पर प्रक्षेत्र दिवस मनाया गया




श्री विजय पुरम, 2 सितंबर।

आईसीएआर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (सीआईएआरआई), अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह ने कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), दक्षिण अण्डमान के सहयोग से आईसीएआर–सीआईएआरआई की समुद्री अनुसंधान प्रयोगशाला में बायोफ्लोक प्रणाली में झींगा पालन पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. चित्तरंजन राउल, डॉ. वाई. रामकृष्णन, डॉ. आर. किरुबा शंकर और डॉ. जे. प्रवीण राज ने आईसीएआर–सीआईएआरआई के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर के समग्र मार्गदर्शन में किया।

इस कार्यक्रम में टिकाऊ झींगा पालन में बायोफ्लोक तकनीक (बीएफटी) के लाभों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें उत्पादकता में सुधार, जल उपयोग में कमी और द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूल पर्यावरण–अनुकूल जलीय कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने की इसकी क्षमता पर ज़ोर दिया गया। श्री विजय पुरम और फरारगंज ब्लॉक के कुल 26 किसानों और हितधारकों ने इसमें भाग लिया और इस प्रणाली के अंतर्गत संवर्धन तकनीकों, जल गुणवत्ता प्रबंधन और आहार रणनीतियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, आईसीएआर–सीआईएआरआई के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर ने अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह में आजीविका के अवसरों को बढ़ाने और संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए बायोफ्लोक संवर्धन जैसी नवीन जलीय कृषि तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।